संपादकीय

# गोवंश का दंश

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में जब कोई लहर प्रभावी होती नजर नहीं आ रही है तो स्थानीय मुद्दे हावी होने लगे हैं। इन मुद्दों में किसानों व आम लोगों की मुसीबतों का सबब बने आवारा पशुओं का मुद्दा अब भाजपा की टेंशन की वजह बनता जा रहा है। सपा व कांग्रेस ने इस मुद्दे को भांपते हुए जमकर चुनाव सभाओं में उछाला। मुद्दे की गंभीरता को भाजपा ने देर से समझा। तीसरे चरण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कहना पड़ा कि मेरे शब्द लिखकर रखिये जो पशु दूध नहीं देता, उसके गोबर से भी आय हो, ऐसी व्यवस्था आपके सामने खड़ी कर दूंगा। दस मार्च के बाद हम ऐसी व्यवस्था लाएंगे कि लोगों के लिये ये आवारा पशु लाभ का जरिया बनेंगे। उन्होंने कहा कि बनारस में बन रहे बायो सीएनजी प्लांट के लिये गोबर की खरीद शुरू होगी। हम इस समस्या का ऐसा समाधान निकालेंगे कि लोग घर लाकर गोवंश को बाधेंगे। राजनीतिक पंडित कह रहे हैं कि जनता के मूड को भांपने वाले प्रधानमंत्री यदि समय रहते यह बाण चला देते तो ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा को इसका लाभ मिलता। बहरहाल, उ.प्र. के चुनाव में आवारा पशु अब बड़ा मुद्दा है। विपक्ष हमलावर है और सत्तारूढ़ दल बचाव की मुद्रा में है। यही वजह है कि पश्चिम उ.प्र. में चले पलायन, धर्मांतरण, जिन्ना-गन्ना व पाकिस्तान के मुद्दे अवध व पूर्वांचल पहुंचते-पहुंचते छुट्टे जानवरों पर केंद्रित हो गये हैं। दरअसल, ये आवारा जानवर, जिन्हें स्थानीय भाषा में छुट्टा जानवर कहा जाता है, सड़क़ से लेकर खेत तक मुसीबत का सबब बने हुए हैं, जिसे सपा सरकार की नाकामी की तरह पेश कर रही है। बाकायदा अखिलेश यादव ने कहा कि यदि उनकी सरकार आई तो आवारा पशुओं की वजह से मरने वाले लोगों को पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया जायेगा। प्रतिरोध के चलते बाराबंकी में सीएम की एक सभा में छुट्टे जानवरों को छोडक़र विरोध भी जताने की बात सामने आई, जिससे स्थिति की गंभीरता का अहसास होता है। दरअसल, आवारा पशुओं की समस्या नई नहीं है, लेकिन 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद इस समस्या में तेजी से इजाफा हुआ। वैसे तो गोवंश की रक्षा भाजपा का प्रमुख एजेंडा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गोवंश प्रेम जगजाहिर है। सरकार बनने के बाद राज्य में अवैध बूचडख़ानों पर रोक लगाई गई, जिससे अवैध रूप से गायों को काटना रुका। यूं तो सरकार ने गोवंश की सुरक्षा, स्वास्थ्य व देखभाल के कई बड़े फैसले लिये। बड़े पैमाने पर गोशालाओं का बड़ी संख्या में निर्माण किया गया। वर्ष 2019-20 में गोशालाओं के लिये 248 करोड़ का बजट आवंटित हुआ। राज्य में 570 गोशालाएं पंजीकृत हैं। संरक्षण की कान्हा उपवन योजना शुरू की गई। लेकिन संख्या को देखते हुए बजट पर्याप्त न होने की बात कही जा रही है। दरअसल, जब गाय दूध देना बंद कर देती है तो लोग उसे खुला छोड़ देते हैं। योगी सरकार की सख्ती के कारण उसकी बिक्री बाजारों में नहीं हो पा रही है। वहीं खेती की नई व्यवस्था में बैल की कोई जगह नहीं है। बछड़ों को छोड़ दिया जाता है। ये छुट्टे जानवर खेतों में खड़ी फसलों को निशाना बनाते हैं। किसान दिन में खेती करते हैं और रात में फसलों की रखवाली करते हैं। उन्हें खेतों की सुरक्षा के लिये कंटीली तारों पर लाखों रुपये खर्च करने पड़ते हैं। इतना ही नहीं, आवारा पशुओं की वजह से सडक़ों पर लगातार दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। खासकर एक्सप्रेस-वे और फोर लेन वाली सडक़ों पर यह खतरा ज्यादा रहता है जहां वाहन तेज गति से चलते हैं। अब ग्रामीण इलाकों में लोगों के गुस्से को देखते हुए अमेठी की जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि नई सरकार बनने के बाद नौ सौ से हजार रुपये किसानों को पशुओं की देखभाल के लिये दिये जाएंगे। आवारा पशुओं को गोद लेने वालों को भी इसका लाभ देने की बात कही जा रही है। आरोप लगाया कि सपा इसका समाधान बूचडख़ानों को अनुमति देकर करेगी। मगर भाजपा देर से जागी है।

# टी20आई सीरीज से बाहर होने के बाद ऋतुराज गायकवाड़ एनसीए जाएंगे

## मयंक अग्रवाल टीम में शामिल



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ श्रीलंका के साथ जारी तीन मैचों की टी20 सीरीज से बाहर होने के बाद अब नेशनल क्रिकेट अकेडमी (एनसीए) जाएंगे, जहां वह अपनी चोट से उबरने पर काम करेंगे। बीसीसीआई ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। गायकवाड़ ने दाहिनी कलाई में दर्द की शिकायत थी, जिससे उनकी बल्लेबाजी प्रभावित हो रही थी। इस वजह से वह पहले टी20 के लिए चयन के लिए अनुपलब्ध थे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उनकी जांच करने के बाद पाया कि उन्हें एनसीए जाना होगा। क्वष्टष्टढ्ढ की ऑल इंडिया सीनियर सेलेक्शन कमेटी ने टी20 सीरीज के बाकी बचे मैचों के लिए गायकवाड़ की जगह मयंक अग्रवाल को टीम में शामिल किया है। मयंक धर्मशाला में भारतीय क्रिकेट टीम के साथ जुड़ चुके हैं, जहां टीम को शनिवार को अपना दूसरा मैच खेलना है।

**भारत के तीन खिलाड़ी हुए बाहर-** सूर्यकुमार यादव और दीपक चाहर के बाहर होने के बाद ऋतुराज मौजूदा टीम से बाहर होने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। दोनों को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी टी20 मैच के दौरान चोट लग गई थी।

दूसरे और तीसरे टी20 के लिए भारतीय टीम: रोहित शर्मा (कप्तान), श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, ईशान किशन (विकेटकीपर), वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, रवींद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), अवेश खान, मयंक अग्रवाल।

# एयरटेल ने इंडस टावर्स में वोडाफोन की 4.7 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का किया सौदा

**मुंबई।** दूरसंचार सेवा कंपनी भारती एयरटेल ने कहा कि उसने दूरसंचार टावर कंपनी इंडस टावर्स में वोडाफोन की 4.7 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का करार किया है। ब्रिटेन की कंपनी वोडाफोन इस सौदे से मिलने वाले धन को इंडस टावर में अपनी देनदारियों को निपटाने और भारत में अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी वोडाफोन-आइडिया में निवेश पर खर्च करेगी।

भारती एयरटेल ने बयान में कहा कि यह समझौता इस शर्त पर हो रहा है कि इसमें मिलने वाले धन को वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) में नयी शेयर पूंजी के रूप में लगाया जाएगा और साथ ही साथ उसे इंडस टावर्स की बकाया देनदारी निपाटाने के लिए हस्तांतरित कर दिया जाएगा। कर्ज के बोझ में दबी वीआईएल को इंडस टावर्स की अपनी देनदारी निपटाने में मुश्किलें आ रही हैं। वोडाफोन को इस सौदे में प्राप्त धन को वीआईएल में शेयर पूंजी के रूप में लगाना होगा और वहां से उसे इंडस टावर्स को हस्तांतरित करने की शर्त का अनुपालन करना होगा।

भारती एयरटेल देश की इस टावर कंपनी में सबसे बड़ी भागीदार है, जिसके पास वर्तमान स्थिति में इंडस की 42 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वोडाफोन ने वित्तीय दबाव में चल रहे भारत के अपने संयुक्त उद्यम वोडाफोन-आइडिया को समर्थन बनाए रखने की प्रतिबद्धता जाहिर करती रही है। इंडस टावर्स भारत की सबसे बड़ी टेलिकॉम टावर कंपनी है, जिसके सभी 22 टेलीकॉम सर्कल्स में 1.8 लाख से अधिक टावर हैं। एयरटेल के अनुसार देश में आने वाले समय में 5जी टेक्नोलॉजी नेटवर्क के विस्तार के लिए टेलिकॉम टावर ढांचे की आवश्यकता बढ़ेगी और उसमें इंडस टावर्स की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

# रेलरेस्ट्रो की मार्च के अंत तक 60 स्टेशनों पर फूड डिलीवरी तंत्र स्थापित करने की योजना




**नई दिल्ली।** रेलगाडिय़ों में खाने-पीने के सामान की आपूर्ति करने वाली स्टार्टअप रेलरेस्ट्रो ने ऑनलाइन खाद्य डिलीवरी के लिए अपना खुद का तंत्र शुरू किया है और इसके माध्यम से मार्च तक 50-60 स्टेशनों पर खाद्य आपूर्ति सेवा देने की तैयारी में है। कंपनी रेलवे के उपक्रम आईआरसीटीसी(इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन) की अधिकृत डिलीवरी भागीदार है।

कंपनी ने कहा वह अपनी सेवा के लिए अपने नेटवर्क में रेस्तरां की संख्या दोगुना करने के लिए प्रयासरत है। कंपनी फिलहाल नागपुर, विशाखापत्तनम, इटारसी, दीन दयाल उपाध्याय, तिरुपति, गुवाहाटी, कोटा, लखनऊ, कानपुर जैसे तमाम यात्रियों की गहमा-गहमी वाले स्टेशनों पर भोजन की आपूर्ति करती है और जल्द ही वह भुवनेश्वर, आसनसोल, जयपुर, हावड़ा, गोरखपुर, रायपुर और कुछ अन्य स्टेशनों पर भी अपनी सेवाएं शुरू करने जा रही है।

रेलरेस्ट्रो के संस्थापक मनीष चंद्रा ने एक बयान में कहा कि कोविड का प्रकोप कम होने से अब रेलों में ऑनलाइन फूड डिलेवरी की मांग बढऩा तय है। इसका फायदा उठाने के लिए रेलरेस्ट्रो ने अपना खुद का डिलीवरी बेड़ा खड़ा किया है, ताकि यात्रियों को सुरक्षित स्वादिष्ट और साफ सुथरा भोजन उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि अभी हमारा डिलीवरी तंत्र 15 से अधिक स्टेशनों पर काम कर रहा है। हमारा प्रयास है कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक(मार्च 2022 तक) हम 50-60 स्टेशनों तक अपना डिलीवरी तंत्र सक्रिय कर लें।

# धर्मशाला में रात से ही रुक-रुक कर हो रही बारिश, भारत और श्रीलंका मैच धुलने के आसार



**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मैच आज धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाना है। पहला मैच 62 रन से जीतने के बाद भारत के पास सीरीज में 1-0 की लीड है। दूसरा मैच जीतते ही टीम इंडिया सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले लेगी। हालांकि भारत को उसके लिए अभी थोड़ा इंतजार करना होगा क्योंकि धर्मशाला में रात से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है और सुबह तक ऐसा ही देखने को मिल रहा है। इससे मैच के धुलने के आसार दिखाई देने लगे हैं। भारत को श्रीलंका के खिलाफ अपना तीसरा और अंतिम टी20 मैच भी इसी स्टेडियम में खेलना है। धर्मशाला सहित हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में देर रात से ही मूसलाधार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विभाग ने साथ ही मैच वाले दिन यानि के शनिवार को लगातार बारिश होने और बर्फ गिरने के आसार जताए हैं।

ऐसे में अब भारत और श्रीलंका के बीच होने वाले दूसरे टी20 मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में निराशा हाथ लग सकती है। शनिवार को 60 प्रतिशत से अधिक बारिश की संभावना है और धर्मशाला के स्टेडियम को देखते हुए ग्राउंडस्टाफ के लिए खेल को फिर से शुरू करवाने के लिए कोई चमत्कार करना होगा।

धर्मशाला में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 12 मार्च 2020 को खेला गया मैच भी बारिश की भेंट चढ़ गया था। उससे पहले, सितम्बर 2019 और मार्च 2020 में भी बारिश की वजह से इस स्टेडियम में मैचों का आयोजन नहीं हो पाया था।

# यूक्रेन-रूस झगड़े में सरकार को हो सकता है एक लाख करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक समूह की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत को रूस और यूक्रेन के बीच घमासान से कच्चे तेल के बाजार में उफान के चलते 95000 करोड़ रुपए से एक लाख करोड़ रुपए के राजस्व की हानि हो सकती है।

स्टेट बैंक समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्या कांति घोष की निगरानी में तैयार एसबीआई अनुसंधान रिपोर्ट में कहा गया है कि यूक्रेन-रूस लड़ाई का परिणाम कुछ भी हो, पर इसका असर पूरे जिंस और संपत्ति बाजार पर पड़ेगा।

रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का भाव 100 डॉलर प्रति बैरल से उपर पहुंच चुका है। इसके अलावा कीमती धातुओं ओर सोने तथा पेलेडियम और प्लेटिनियम जैसी धातुओं में भी तेजी आएगी। एसबीआई अनुसंधान रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि सरकार ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उछाल के बाद भारत में डीजल- पेट्रोल दाम बढऩे से रोकने के लिए उत्पाद शुल्क घटाती है तो उसे हर महीने इस मद में 8000 हजार करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान होगा।

# अब्दुल्ला शफीक और डेविड वीस ने खेली तूफानी पारी, इस्लामाबाद को हराकर लाहौर कलंदर्स दूसरी बार फाइनल में



**नई दिल्ली।** लाहौर कलंदर्स ने एक रोमांचक मैच में इस्लामाबाद युनाइटेड को छह रन से हराकर पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2022 के फाइनल में जगह बना ली है। लाहौर की टीम 2020 के बाद से दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। फाइनल में अब रविवार को लाहौर का सामना डिफेंडिंग चैम्पियन मुल्तान सुल्तान्स से होगा। लाहौर कलंदर्स ने शुक्रवार रात गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 168 रन का स्कोर बनाया और फिर इस्लामाबाद की टीम को दो गेंद शेष रहते 162 रन पर समेट दिया।

लाहौर कलंदर्स के कप्तान शाहीन शाह अफरीदी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने 7 विकेट पर 168 रन का स्कोर बना डाला। लाहौर की ओर से अब्दुल्ला शफीक ने 28 गेंदों पर चार चौके और तीन छक्के की मदद से ताबड़तोड़ 52 रन जबकि डेविड वीस ने 8 गेंदों पर एक चौके और तीन छक्के की मदद से 28 रन की तूफानी पारी खेली। उनके अलावा मोहम्मद हफीज ने 28 और कामरान गुलाम ने 30 रन बनाए। लाहौर से मिले 169 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इस्लामाबाद की टीम 19.4 ओवर में 162 रन ही बना सकी। टीम के लिए पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मोईन खान के बेटे आजम खान ने 28 गेंदों पर तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 40 जबकि इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स ने 38 रन बनाए। हालांकि वे टीम को जीत नहीं दिला सके। लाहौर कलंदर्स के लिए कप्तान शाहीन अफरीदी, जमान खान और हारिस राउफ ने ने 2-2 विकेट चटकाए।

# जॉनअब्राहम की फिल्म तेहरान अगले साल गणतंत्र दिवस पर आएगी




जॉन अब्राहम अपनी एक्शन फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने पोखरण और बाटला हाउस जैसी दमदार फिल्मों में काम किया है। वह एक साथ कई प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। इसी बीच इस अभिनेता ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। जॉन ने सोशल मीडिया पर अपनी एक्शन थ्रिलर फिल्म तेहरान की घोषणा की है। यह फिल्म अगले साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

जॉन ने अपने ट्विटर हैंडल पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। साथ ही उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, गणतंत्र दिवस 2023 के लिए तैयार हो जाइए। अपनी अगली फिल्म तेहरान की घोषणा करते हुए रोमांचित हूं। अरुण गोपालन द्वारा फिल्म का निर्देशन किया जाएगा। फिल्म को दिनेश विजान द्वारा प्रोड्यूस किया जाएगा। इस फिल्म को रितेश शाह और आशीष प्रकाश वर्मा ने लिखा है। फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित होगी।

मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले फिल्म तेहरान का निर्माण होगा। मैडॉक फिल्म्स ने बॉलीवुड में कई यादगार और ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाई हैं। इस बैनर तले ही बदलापुर, स्त्री और बाला जैसी फिल्में आई हैं। इन फिल्मों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। पिछले साल नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म मिमी का निर्माण भी दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स ने किया था। फिल्म के लिए कृति सैनन ने दुनियाभर में वाहवाही बटोरी थी।

# अमिताभ के साथ 400 करोड़ी फिल्म में नजर आएंगे प्रभास



उम्र के 80वें पडाव पर पहुँचने वाले अभिनेता अमिताभ बच्चन आज भी बॉलीवुड में बेहद सक्रिय हैं। उन्हें लेकर कहानियों का ताना बाना बुना जा रहा है। अमिताभ बच्चन दक्षिण भारतीय फिल्मों में सक्रिय हो गए हैं। पिछले दो साल के दौरान वे वहाँ की निर्मित फिल्मों में विशेष भूमिकाओं में नजर आ चुके हैं। इन दिनों अमिताभ बच्चन बाहुबली फेम प्रभास के साथ एक फिल्म की शूटिंग में कर रहे हैं। इस बात की जानकारी खुद अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया के जरिए दी है। कुछ दिनों पहले ही शूटिंग के बाद अमिताभ बच्चन और प्रभास दोनों ने सोशल मीडिय पर एक-दूसरे की जमकर तारीफ की। दोनों के सोशल मीडिया पोस्ट जमकर वायरल हो रहे हैं।

# आज का राशिफल

***मेष:*** आज आप छोटी-छोटी बातों में भी क्रोध पर बैठेंगे और आपके इस स्वभाव के कारण किनारे आई हुई नौका डूब जाने की भी संभावना है। आपका कायर् पूरा नहीं हो सकेगा।

***वृषभ:*** आज ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों तथा घर में बुज़ुर्गों की कृपादृष्टि आप पर रहेगी। आप निजी संबंधों में प्रगाढ़ आत्मीयता रखेंगे। शाम के समय आप घरेलू समस्याओं को हल करने में बिताएंगे और सभी समस्याओं का हल संतोषप्रद होगा।

***मिथुन:*** ऐसा संभव है कि आपका संवेदनशील स्वभाव समस्याएं पैदा करे। अत: अत्यधिक भावनात्मकता पर काबू रखना आवश्यक है। आज आपका कुटुंब केंद्र स्थान में रहेगा और आप कुटुंबियों के साथ अधिक समय व्यतीत करेंगे।

***कर्क:*** किसी संत पुरुष का आशीर्वाद मानसिक शांति प्रदान करेगा। ख़र्चों पर क़ाबू रखने की कोशिश करें और सिफर् ज़रूरी चीज़ें ही ख़रीदें। दूसरों के मामलों में दख़ल देने से आज बचें। आज रुमानियत का मौसम ज़रा ख़राब लगता है, क्योंकि आपका साथी आपसे आज कुछ ज़्यादा ही अपेक्षा करेगा।

***सिंह:*** आज आप अन्य किसी भी चीज की अपेक्षा कार्य पर अधिक ध्यान केंद्रित करेंगे और योग्य दिशा में आपका ध्यान केंद्रित होगा। सुनियोजित और निर्धारित दिशा में उठाए गए कदम आपका कार्य खूब आसान बनाएंगे।

***कन्या :*** आज प्रवृत्तियों से रहित विश्रांतिपूर्ण दिन होगा। आप अत्यधिक उत्साही और महत्त्वाकांक्षी होंगे। मित्रों के साथ के मिलन- मुलाकात आनंद देंगे। आपका सुसुप्त मन आज अधिक सक्रिय होगा। अंत:स्फूर्ति का अनुभव करेंगे, तो आपको जरूर सफलता मिलेगी।

***तुला :*** आप अपने प्रिय व्यक्ति के साथ एकांत में अधिक से अधिक समय बिताना पसंद करेंगे। सामान्य बातचीत के बाद आपकी उसके साथ निकटता बढ़ेगी।

***वृश्चिक :*** आज आपके निकटस्थ स्वजन ही आपको नुकसान पहुंचाएंगे। निजी जीवन के लिए दिन अनुकूल होने पर भी ऑफिस में सावधानी रखने की आवश्यकता है। आज आपके मिजाज में चढ़ाव-उताव आया करेगा।


***धनु:*** क़िस्मत के भरोसे न बैठें और अपनी सेहत सुधारने के लिए ख़ुद मेहनत करें, क्योंकि हाथ पर हाथ रखे रहने से कुछ नहीं होने वाला। अब वक्त आ गया है कि आप अपना वज़न क़ाबू में करें और स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम का सहारा लें।

***मकर:*** आज आप आत्मविश्वास से छलकते होंगे। परिणामस्वरूप हरेक क्षेत्र में सफलता पाने के लिए आपको मदद मिलेगी। आप परिश्रम करने में पीछे नहीं रहेंगे और विजय प्राप्त करने के लिए श्रेष्ठ प्रयास करेंगे और दिन के अंत में विजय और सफलता का आनंद उठाएंगे।

***कुंभ:*** आपके व्यक्तिगत जीवन में कलह उत्पन्न होने की संभावना होने से आपको जीवनसाथी या प्रिय व्यक्ति के साथ वाद-विवाद टालने की सलाह है।

***मीन :*** आज आप दैनिक जीवन से ऊबे होने से यात्रा पर जाने का आयोजन करेंगे। भूतकाल में किए गए परिश्रम के कारण लगी हुई थकान से आराम पाने के लिए यह यात्रा आवश्यक भी है।

# जायकेदर 'सेव'



जिस किसी ने भी रतलाम (मध्यप्रदेश) के सेव का स्वाद चखा है उसे कोई और सेव अच्छा लग ही नहीं सकता क्योंकि नो डाउट रतलाम के सेव का स्वाद अलग ही होता है। तो आज इसी की रेसिपी जानने वाले हैं।

## सामग्री :

बेसन- 250 ग्राम, तेल- 1/2 कप, पानी- 3/4 कप, हल्दी- चुटकीभर, नींबू का रस- 1 टीस्पून, बेकिंग सोडा- चुटकीभर, नमक- स्वादानुसार, साबुत काली मिर्च- 20, अजवायन- 1/2 टेबलस्पून, सौंफ- 1 टीस्पून, लौंग- 15, काला नमक- 1 टीस्पून, हींग- 1 टीस्पून, अदरक पाउडर- 1 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून

## विधि :

- पैन को गर्म होने के लिए रख दें। अच्छे से गर्म हो जाए तब इसमें काली मिर्च, सौंफ, अजवायन, लौंग का हल्का भून लें। इसके बाद हल्का ठंडा कर मिक्सी में इन मसालों का पाउडर बना लें। एक बर्तन में पानी और तेल लेकर अच्छी तरह से ब्लैंडर की मदद से इन्हें मिक्स करें जब तक कि इनका रंग सफेद न हो जाए। इसके बाद इसमें नींबू का रस, 2.5 टीस्पून जो मसाला पिसा है व डालें और सोडा। इन सारी चीज़ों को डालकर एक बार फिर से मिक्स करें। अब धीरे-धीरे इसमें बेसन मिक्स करें। ध्यान रखें एक साथ पूरा नहीं डालना है धीरे-धीरे डालना है। बहुत ज्यादा टाइट भी न हो या न ही बहुत ज्यादा लिक्विड। अब सेव मेकर, मुरूकू मेकर में ये घोल भर लें। कड़ाही में तेल डालकर उसे गर्म होने के लिए रख दें। अब सेव मेकर को चलाते हुए गरमा-गरम तेल में सेव डालते जाएं। एक साथ बहुत ज्यादा सेव न डालें वरना अच्छी तरह से पकेंगे नहीं। मीडियम आंच पर इन्हें भूनें। पेपर नैपकिन पर निकाल लें जिससे एक्स्ट्रा तेल नैपकिन सोख लें।सेव को हाथों से तोड़ लें क्योंकि ये लच्छे के रूप में बनते हैं। हल्का ठंडा होने पर सर्व करें और इन्हें एयर टाइट डिब्बे में बंद कर बाद में भी खाया जा सकता है।

# शब्द सामर्थ्य- 362

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 361 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

# सू-दोकू- 362

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.361 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |